

पिच को देखते हुये दो स्पिनर खिलाना बेहतर होगा। हालांकि यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि पिच क्या कह रही है, अगर पिच में घास कम है और सूरज निकल चुका है, तो दो स्पिनरों के साथ खेलें। – हरभजन सिंह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले को लेकर

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### शरत कमल



**शीर्ष** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल का कहना है कि अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारी अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे सत्र से शुरु हो जायेगी जो पुणे में 13 से 30 जुलाई तक खेला जायेगा। शरत ने कहा कि 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले हांगजोऊ एशियाई खेलों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं लेकिन मुख्य रूप से ध्यान 2024 पेरिस ओलंपिक पर लगा होगा। शरत ने शुक्रवार को यहां यूटीटी के चौथे सत्र के लिए ‘प्लेयर्स ड्राफ्ट’ के मौके पर खिलाड़ियों से कहा, ‘‘अभी लक्ष्य एशियाई खेलों का है लेकिन टीम इंडिया का मुख्य लक्ष्य पेरिस ओलंपिक है।

**क्या आप जानते हैं ?...** पोलो सबसे पहले ईरान में खेला गया। यह खेल केवल ईरानी सैनिक घुड़सवारी प्रशिक्षण के रूप में खेलते थे।

## एआईएफएफ ने केरला ब्लास्टर्स की अपील खारिज की

नयी दिल्ली, 2 जून। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने केरला ब्लास्टर्स की वह अपील शुक्रवार को खारिज कर दी जो उसने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के प्लेऑफ मैच के दौरान अनुशासनहीनता और मैच रद्द करने के लिए उस पर लगाए गए चार करोड़ रुपए जुर्माने के खिलाफ दायर की थी। एआईएफएफ की अपील समिति ने इसके साथ ही ब्लास्टर्स के मुख्य कोच इवान वुकुमानोविच की पांच लाख रुपये के जुर्माने और उन पर लगे 10 मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ अपील को भी खारिज कर दिया। अपील समिति ने इन दोनों मामलों में अनुशासन समिति के पिछले फैसलों को बरकरार रखा है और दो सप्ताह के अंदर जुर्माना भरने के लिए कहा है।

आईएसएल का तीन मार्च को खेला गया प्लेऑफ मैच तब विवादों में फंस गया था जब केरला ब्लास्टर्स की टीम यह दावा करते हुए मैदान से बाहर चली गई थी कि सुनील छेत्री का अतिरिक्त समय में किया गया विजयी गोल वैध नहीं है। उसने दावा किया कि मैच के रेफरी क्रिस्टल जॉन ने सुनील छेत्री के फ्री किक लेने से पहले सीटी बजा दी थी और उसके खिलाड़ी तैयार नहीं थे। अतिरिक्त समय में बढ़त बनाने के कारण बेंगलुरू एफसी को 1-0 से विजेता घोषित कर दिया गया था और उसने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## खेल मंत्रालय ने ओलंपियन वालारिवान और जाधव का उपकरणों की मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकार किया

नयी दिल्ली, 2 जून। खेल मंत्रालय ने ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और तीरंदाज प्रवीण जाधव का उपकरणों की मरम्मत और नवीनीकरण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया । इलावेनिल जर्मनी की वाल्थर फैक्ट्री में यह काम करायेगी जबकि प्रवीण तीरंदाजी के उपकरणों का दूसरा सेट खरीदेंगे क्योंकि टूर्नामेंट के दौरान उपकरणों में खराबी आने पर सर्विसिंग के लिये समय नहीं होता । मिशन ओलंपिक सेल ने राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला को नाइजीरिया के लागोस में इस महीने होने वाले डब्ल्यूटीटी टूर्नामेंट में भागीदारी के लिये वित्तीय सहायता भी मंजूर कर दी । टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के तहत उनके हवाई टिकट, खाने, रहने, स्थानीय यातायात, वीसा और बीमे की फीस का खर्च वहन किया जायेगा ।

## लक्ष्य थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में, किरण हारे

बैंकॉक, 2 जून। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां पुरुष एकल में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्मोड़ा के 21 साल के खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के क्वालीफायर को 21-19, 21-11 से हराया। इस जीत से वह इस सत्र में पहली बार अंतिम चार में पहुंचे। वह इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टरफाइनल में हार गये थे। अब सेमीफाइनल में सेन का सामना चीन के पांचवें वरीय लु गुआंग जु और थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं एक अन्य पुरुष एकल मैच में किरण जॉर्ज का सफर फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 16-21, 17-21 से हारकर समाप्त हो गया।

## अदिति अशोक अमेरिका ओपन में दूसरे स्थान पर

न्यू जर्सी, 2 जून। भारत की अदिति अशोक यहां मिजुहो अमेरिका ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में बोगी रहित पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। महिला गोल्फ के विश्व में सबसे बड़े पेशेवर मंच पर भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी बनाई और इस बीच एक भी बोगी नहीं की। वह पहले दौर के बाद लॉरेन हार्टलेज (65) से दो शॉट पीछे हैं। हार्टलेज ने भी पहले दौर में कोई बोगी नहीं की लेकिन इस बीच उन्होंने पांच बर्डी बनाने के साथ एक ईगल भी बनाया। अदिति इस समय शानदार फॉर्म में चल रही हैं। वह जेएम ईगल एलए चैम्पियनशिप में प्लेऑफ़ में हारने के बाद दूसरे स्थान जबकि कॉग्निजेंट फाउंडर्स कप में संयुक्त पांचवें स्थान पर रही थी।

## राजस्थान गतका टीम घोषित

जयपुर, 2 जून। राजस्थान गतका एसोशिएशन के महासचिव सोनू यादव ने बताया की 4 और 5 जून को सीकवाल जालंधर मे नाइंथ ओंकार नेशनल गतका कप के लिए चिड़ावा मे ट्रायल कैंप रखा गया जिसमे खेल प्रदर्शन के आधार पर निम्न खिलाड़ियों का चयन किया गया। राकेश प्रजापत,जसप्रीत, जसप्रीत सिंह, दपिन्दर सिंह, हर्मनप्रीत सिंह,जशनदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, पुनीत, हर्षित रुहिल, दिव्यांशु, शुभम, लक्ष्य रूहिल, दीक्षांत ,नवीन, पंकज, धर्मेंद्र टीम कोच विक्रम सिंह। राज्य संघ के अध्यक्ष शिवराज सिंह शक्तावत ने बताया गतका गेम भारतीय ओलंपिक संघ एवं युवा खेल मंत्रालय भारत सरकार के 37 नेशनल गेम में शामिल किया गया है तथा खेलो इंडिया एवं ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में भी शामिल है।

# भारतीय गेंदबाजी आक्रमण आस्ट्रेलिया के लिये अब तक एक पहेली

लंदन, 2 जून। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सात जून को होने वाले बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबले की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है मगर आस्ट्रेलिया के लिये भारत का गेंदबाजी आक्रमण अभी भी रहस्य बना हुआ है।

कंगारू बल्लेबाज भारत के स्टार आलराउंडर रवींद्र जडेजा का सामना करने की तैयारी कर रहा है मगर हाल ही बॉर्डर गावस्कर ट्राफी में 25 विकेट चटकाने वाले अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अंतिम एकादश में शामिल होने को लेकर संशय बना हुआ है। उधर, आस्ट्रेलियाई टीम सात जून की रोमांचक भिड़ंत से पहले भारत की तुलना में अधिक व्यवस्थित नजर आ रही है।

भारत ने उपमहाद्वीप पर हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान तीन स्पिनरों का उपयोग किया था। अश्विन (25 विकेट) और जडेजा (22 विकेट) शानदार लय में थे जिसकी बदौलत भारत ने श्रृखंला 2-1 से अपने नाम की थी लेकिन जडेजा और अश्विन की जोड़ी 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपना प्रभाव नहीं डाल सकी थी। यह देखा जाना बाकी है कि इस बार इस जोड़ी को फिर से मौका दिया जाएगा या चयनकर्ता स्पिन की बदौलत रफ्तार को अधिक महत्व देंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज का रोहित शर्मा की तरफ से नई गेंद साझा करना लगभग तय है जबकि उमेश यादव और जयदेव उनादकट के साथ हरफनमौला शार्दुल ठाकुर भी टीम में है।


ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी ने गुरुवार को बेकेनहैम के केंट कंट्री क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण सत्र से पहले स्थानीय मीडिया के साथ बात की और कहा कि प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर काफी चर्चा हुयी है कि दक्षिण लंदन में किस तरह की इंडिया इलेवन मैदान में उतरेगी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जडेजा अपनी बल्लेबाजी के कारण खेलेंगे। वह छठे नंबर पर सफल रहे हैं। इंग्लैंड में अश्विन का रिकॉर्ड अच्छा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज के पास सात मैचों में 28.11 की औसत से कुल 18 विकेट हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से 36 वर्षीय गेंदबाज ने ओवल में केवल एक टेस्ट खेला है। 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ अश्विन ने 72 रन पर तीन विकेट लिये थे। वर्तमान में भारत का दूसरा प्रमुख टेस्ट विकेट लेने वाला (474) है।

विटोरी ने कहा, अश्विन एक अविश्वसनीय गेंदबाज हैं। वह ज्यादातर टीमों में पहली पसंद होंगे हालांकि उनके संयोजन के कारण यह (उनका चयन न होना) हो सकता है। हम उम्मीद करते हैं कि ओवल की पिच पहले जैसा व्यवहार करेगी। यह एक अच्छा विकेट है, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, यह स्पिनरों को बहुत कुछ दे सकता है।









## भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल हमारा ग्रैंड फाइनल है : लियोन

मेलबर्न, 2 जून। आफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि एशेज को लेकर हो रही बातचीत से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये आस्ट्रेलिया की तैयारियां बाधित नहीं होंगी और उन्होंने भारत के खिलाफ आगामी फाइनल को ‘ग्रैंड फाइनल’ भी करार दिया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल पर खेला जायेगा । वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी ।

लियोन ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस से कहा ,‘‘हम एशेज खेल रहे हैं लेकिन उससे पहले एक बड़ा मैच खेलना है । डब्ल्यूटीसी फाइनल हमारा ग्रैंड फाइनल है और यहीं से सत्र शुरू होगा।’’ उन्होंने कहा, ‘‘ हर आस्ट्रेलियाई प्रशंसक को एशेज का इंतजार है लेकिन इस मैच को लेकर भी रोमांच होना चाहिये।’’ आस्ट्रेलियाई टीम कोई भी अभ्यास मैच खेले बिना एशेज में उतरेगी ।

लियोन ने कहा कि भारत में टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से मिली हार का इस मैच पर कोई असर नहीं होगा । उन्होंने कहा, ‘‘भारत में जो हुआ, उसे बदला नहीं जा सकता लेकिन दोनों टीमों की तैयारियां अच्छी है। भारत के पास कुछ अच्छे बल्लेबाज और तेज गेंदबाज भी हैं तो चुनौती अच्छी होगी। यह नया मैच है और नये सिरे से खेला जायेगा।’’

## भारत को दो साल पहले की तरह पूर्व निर्धारित सोच से डब्ल्यूटीसी एकादश नहीं चुननी चाहिए: प्रसाद

नयी दिल्ली, 2 जून। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद को लगता है कि भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अंतिम एकादश पूर्व निर्धारित अनुमान से नहीं चुननी चाहिए और साथ ही उनका मानना है कि चोटिल ऋषभ पंत की जगह भरना भी मुश्किल होगा क्योंकि विदेश में उनकी उपलब्धियां शानदार हैं।

भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो स्पिनरों – रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा – को चुनने का फैसला उलटा पड़ गया था क्योंकि तेज गेंदबाजों ने साउथम्पटन में बारिश के हालात में दबदबा बनाया।

सात जून से लंदन के ‘द ओवल’ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में स्पिन की भूमिका हो सकती है लेकिन प्रसाद ने सलाह दी कि टीम को उस समय की परिस्थितियों के हिसाब से फैसला करना चाहिए।

भारत के पूर्व विकेटकीपर ने कहा, ‘‘हमने दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने थे लेकिन बारिश आ गयी, हमें अपनी योजना में बदलाव करना चाहिए था, लेकिन हम उसी अंतिम एकादश पर डटे रहे। लेकिन अब यह बीती बात हो गया है। ’’

उन्होंने कहा, ‘‘यह सब ‘द ओवल’ में परिस्थितियों पर निर्भर करता है। पिच और परिस्थितियां अहम हैं। हमें नहीं पता कि ये पांच दिन में कैसे होंगे इसलिए हमें पूर्व अनुमान नहीं रखना चाहिए और परिस्थितियों को समझकर ही फैसला करना चाहिए। ’’

पंत इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक जड़ चुके हैं और अगर शीर्ष क्रम विफल होता है तो वह बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। प्रसाद को लगता है कि पंत की अनुपस्थिति में के एस भरत ही विकेटकीपिंग के लिए स्वत: विकल्प होंगे। पर उनका मानना है कि पंत की काबिलियत की तुलना नहीं कर सकते।

## फ्रेंच ओपन: अमेरिका की तीसरी वरीय जेसिका पेगुला तीसरे दौर में हारी

पेरिस, 2 जून। अमेरिका की तीसरी वरीय जेसिका पेगुला को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में एलिसे मर्टन्स से 1-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पेगुला हाल में पांच मेजर टूर्नामेंट में से चार में क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी जिसमें एक साल पहले रोलां गैरां भी शामिल है। हालांकि वह ठौंडस्लैम में इससे अगले दौर में नहीं पहुंची हैं।

पेगुला को बेल्जियम की 28वीं वरीय मर्टन्स से हार मिली जो 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में और दो बार अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी पहुंची थी। मर्टन्स अब रविवार को 2021 फ्रेंच ओपन उप विजेता अनास्तासिया पावलयुचेंकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 24वें नंबर की अनास्तासिया पोटापोवा को 4-6, 6-3, 6-0 से शिकस्त दी।

इस तरह फ्रेंच ओपन से शीर्ष 10 में से चार महिला वरीय अब तक बाहर हो चुकी हैं जिसमें पेगुला के अलावा कैरोलिन गार्सिया, मारिया सकारी और पेत्रा क्वितोवा शामिल हैं। अन्य मैचों में अमेरिका की पेटोन स्टेन्र्स को दारिया कास्तकिना से 0-6, 1-6 से हार मिली। वहीं शुक्रवार को दूसरे नंबर की खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन आर्यना सबालेंका और 11वें वरीय पुरुष खिलाड़ी कारेन खाचानोव ने जीत हासिल की।

## अफगानिस्तान ने पहले वनडे में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

हंबनटोटा, 2 जून। इब्राहिम जादरान केवल दो रन से शतक से चूक गए लेकिन उनकी शानदार पारी के दम पर अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां श्रीलंका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। अफगानिस्तान के सामने 269 रन का लक्ष्य था जो उसने चार विकेट खोकर 19 गेंद शेष रहते हुए हासिल किया। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 98 रन बनाए। उन्होंने इस बीच रहमत शाह (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा कप्तान हसमतुल्लाह शाहिदी ने 38 और मोहम्मद नबी ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट 84 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद चरित असलंका (91) और धनंजय डिसिल्वा (51) ने पांचवें विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 268 रन तक पहुंचाया था।

## भारत आईसीसी राजस्व के 38 प्रतिशत का हकदार, कहा ईसीबी सीईओ ने

दुबई, 2 जून। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूड का मानना हे कि विश्व क्रिकेट के विकास और राजस्व के सृजन में भारत का बड़ा योगदान है और वह 2024 से 2027 के बीच आईसीसी के प्रस्तावित वित्तीय मॉडल के तहत 230 मिलियन डॉलर सालाना पाने का हकदार है । नये प्रस्तावित मॉडल के तहत भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 600 मिलियन डॉलर राजस्व में से 38.5 प्रतिशत मिल सकता है जबकि ईसीबी को 41.33 मिलियन और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 37.53 मिलियन डॉलर मिलेगा । पीसीबी को 34.51 मिलियन (5.75 प्रतिशत ) मिलेगा जबकि बाकी की रकम शेष पूर्णकालिक सदस्यों में बांट दी जायेगी । कुल 12 पूर्णकालिक सदस्यों को 532.84 मिलियन (88.81 प्रतिशत) और बाकी को 67.16 मिलियन डॉलर (11.19 प्रतिशत) मिलेगा । आईसीसी से अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलनी बाकी है । इस मॉडल की यह कहकर आलोचना हो रही है कि इससे वित्तीय असमानता बढेगी । गूड ने हालांकि इसका समर्थन करते हुए कहा ,‘‘ राजस्व के सृजन और खेल को आगे ले जाने में भारत की भूमिका को देखे तो यह सही है । एक अरब और 40 करोड़ लोग, एक खेल , दस (आईपीएल) टीमें, एक अंतरराष्ट्रीय टीम ।’’

उन्होंने कहा ,‘‘ इसके अलावा मुझे विश्व क्रिकेट को आगे ले जाने में मदद का रवैया बहुत पसंद है । भारत इतने अंतरराष्ट्रीय मैच खेलता है और ऐसा इसलिये क्योंकि उसे पता है कि उसके दौरे से दर्शकों की रूचि बढती है और घरेलू बोर्ड का राजस्व भी । भारत नहीं होगा तो खेल में इतना राजस्व भी नहीं आयेगा ।’’

## 1983 विश्व कप विजेता टीम पहलवानों के समर्थन में

नयी दिल्ली, 2 जून। भारत को 1983 में विश्व चैंपियन बनाने वाली क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को कहा कि वे प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ मारपीट की तस्वीरों को देखकर ''व्यथित और व्याकुल'' हैं और उनकी समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मई को प्रदर्शनकारी पहलवानों ने नवनिर्मित संसद भवन की ओर मार्च करने और वहां महिला महापंचायत आयोजित करने की योजना बनायी थी। दिल्ली पुलिस ने कथित रूप से उन पहलवानों के साथ मारपीट की और उन्हें हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने जंतर-मंतर पर धरना स्थल को भी खाली करा दिया और साफ कर दिया कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक , विनेश फोगाट और अन्य पहलवानों को वापस नहीं जाने दिया जाएगा। पहलवान मंगलवार को अपना विरोध हरिद्वार ले गये जहां उन्होंने अपने पदक गंगा नदी में विसर्जित करने का प्रयास किया। किसान नेता नरेश टिकैत ने पहलवानों को रोककर उनसे पांच दिन का समय मांगा था। दिग्गज क्रिकेटरों ने एक संयुक्त बयान में पहलवानों से पदक न बहाने की भी अपील की।

टीम ने बयान में कहा, हम अपने चैंपियन पहलवानों के साथ बदसलूकी के अशोभनीय दृश्यों से व्यथित और परेशान हैं। हम इस बात से भी सबसे ज्यादा चिंतित हैं कि वे अपनी मेहनत से कमाये हुए पदकों को गंगा नदी में बहाने की सोच रहे हैं।’’

## खिलाड़ियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर छलका पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद का दर्द

झांसी, 2 जून। हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने खिलाड़ियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह जो कुछ हो रहा है, उससे खिलाड़ियों के सम्मान के साथ-साथ देश के सम्मान को भी ठेस लग रही है।

दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले तीन महीनों से प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार पर हॉकी के जादूगर कहलाने वाले मेजर ध्यानचंद के बेटे और अपने शानदार खेल के बल पर हॉकी विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे अशोक ध्यानचंद ने आज ‘यूनीवार्ता से खास बातचीत में कहा कि यह स्थिति न तो खिलाड़ियों और न ही देश, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इसको शायद हम नहीं समझ पा रहे हैं। यह बेहद गंभीर बात है और इस पर तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, जो उनके साथ हो रहा है ऐसा किसी भी खिलाड़ी के साथ हो सकता है। हम खुद को उनकी जगह रखकर यह बात कह रहे हैं। हम जिन लोगों और सरकारों पर निर्भर करते हैं उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ी पानी और पत्थर की तरह होता है एक ओर जहां वह पत्थर के जैसा कठोर होता है तो दूसरी ओर पानी के जैसे मुलायम भी होता है। खिलाड़ियों ने अगर किसी बात को लेकर आपत्ति खड़ी की थी तो इस छोटी सी बात को काफी पहले ही अच्छी तरह से सुलझा लिया जाना चाहिए था। अगर ऐसा हो जाता तो आज स्थिति इतनी खराब न हुई होती जो हुआ वह बेहद दुखी और व्यथित करने वाला था।

हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी और यश भारती पुरस्कार से सम्मानित अशोक ध्यानचंद ने कहा, मैं उनको अपने साथ जोड़कर उनका दुख महसूस कर रहा हूं। मैं सोच रहा था कि बात इतना तूल नहीं पकड़ेगी और सरकार मामले को अच्छी तरह से सुलझा लेगी, लेकिन खिलाडियों को बिल्कुल ही अनदेखा कर दिया गया। तीन माह से वह अपनी बात पर अड़े सड़क पर बैठे हैं। मैंने कहा न कि अगर खिलाड़ी एक ओर बेहद कठोर होता है तो दूसरी ओर बेहद नरम भी होता है। अगर खिलाड़ियों से सहानुभूतिपूर्वक बात ही कर ली जाती तो खिलाड़ी ऐसा नहीं करते। यह जो हो रहा है उससे खिलाड़ियों के साथ देश की छवि भी धूमिल हो रही है।

उन्होंने खिलाड़ियों को भी थोड़ा संयम रखने को कहा और सरकार से कहा आशा करता हूं कि हमारी सरकार जो ‘ सबका साथ , सबका विकास ’ की नीति पर कार्य कर रही है वह खिलाडियों के दर्द को समझेगी और अपनी समझबूझ और विवेक से इसका निस्तारण करेगी।

## पहलवानों के लिये इंसाफ चाहते हैं लेकिन कानूनी प्रक्रिया के जरियेः खेलमंत्री अनुराग ठाकुर

नयी दिल्ली, 2 जून। केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि हर कोई चाहता है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवानों को इंसाफ मिले लेकिन यह कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही संभव है । ठाकुर के इस बयान से दो दिन पहले एक महीने से अधिक समय से धरने पर बैठे शीर्ष पहलवानों ने अपने पदक हरिद्वार में गंगा नदी में बहाने की धमकी दी थी । ठाकुर ने टाइम्स नेटवर्क द्वारा आयोजित आर्थिक सम्मेलन में एक प्रश्न उत्तर सत्र में कहा ,‘‘ सरकार भी निष्पक्ष जांच चाहती है । हम सभी चाहते हैं कि न्याय मिले लेकिन इसके लिये कानूनी प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करना होगा ।’’

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है जो भाजपा सांसद बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सरकार द्वारा नियुक्ति समिति की रिपोर्ट के बाद दर्ज किया गया था। यह पूछने पर कि आरोपी भाजपा सांसद होने की वजह से क्या कार्रवाई में विलंब हो रहा है, उन्होंने कहा ,‘‘ पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं है । हम सभी जांच जल्दी पूरी होने के पक्ष में हैं ।’’ ठाकुर ने कहा कि सरकार ने पहलवानों की हर बात मानी और आरोपों की जांच के लिये समिति का भी गठन किया जिसमें उनके कहने पर सदस्य जोड़े गए।